जय जय हो हनुमान जय हो तेरी हनुमान

जय जय हो हनुमान जय हो तेरी हनुमान,
हे मेहंदीपुर बाला जी तेरी जग में ऊँची शान,
जय जय हो हनुमान जय हो तेरी हनुमान,

कलयुग में जो नाम तुम्हरा लेता हनुमंत प्यारे,
राम भक्त हनुमान जी उसके सारे काज सवारे,
तेरी शक्ति अध्भुत बाला तुम सा और न दूजा सच्चे मन से जो नर नारी करे तुम्हारी पूजा,
राम नाम की शक्ति से हनुमत तीनो लोक उड़ जाते,
राम नाम का फंक मंत्र भक्तो के कष्ट मिटाते,
जय जय हो हनुमान जय हो तेरी हनुमान,

तेरी शक्ति के आगे सब पापी डर डर भागे,
भुत प्रेत पर बजरंगी तेरा सोटा हुकम चलावे,
थर थर कांपे दुष्ट सभी जब बाला जी हुंकारे,
तेरी हु हु सुन के सब पकड़े चरण तुम्हारे,
हाय हाय चिलाते है सब तुम जो मार लगाते,
राम नाम की गधा जो हनुमत चारो और घुमाते,
जय जय हो हनुमान जय हो तेरी हनुमान,

पवन पुत्र हनुमान हमारे तुम हो बड़े बलशाली,
राम की धुन में छम छम नाचे बजा बजा कर ताली,
मेरा भी तुम कष्ट हरो के ये है विनय हमारी ,
लडुवन का मैं भोग लगाउ सेवा करू तुम्हारी,
प्रेम तुम्हारा सेवक है बस राम भजन ये गाये,.
संकट मोचन हनुमान गिरी इनका ध्यम लगाए,
जय जय हो हनुमान जय हो तेरी हनुमान,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8793/title/jai-jai-ho-hanuman-jai-ho-teri-hanumaan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |